तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 27 मई 2024

11 अपने पुरखों को देवलोक में गढ़ादेव के रुप में स्थापित कर सम्मान देते ...



12 सांकरा-नारागांव-बड़भूम पहुंच मार्ग व पुल ...





## खबर संक्षेप

### रात्रिकालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट स्पर्धा 29 से

**अंडा।** युवा उत्सव समिति गुरुवार बजार चौक द्वारा रात्रिकालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन 29 मई से किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार 5001 रुपए, द्वितीय 3001 रुपए, एवं तृतीय पुरुस्कार 1001 रुपए रखा गया है। साथ ही अन्य आकर्षक पुरुस्कार समिति द्वारा रखा गया। यह जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोज निर्मलकर ने दी।

### दो पर चाकू से हमला, एक गंभीर

**गुरूर।** पुरानी रंजिश के चलते पुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम कनेरी में चाकूबाजी की घटना सामने आई है। घटना में घायल युवक ने पुरुर थाना में रिपोर्ट लिखाई है। घर के बाहर खड़े दो भाइयो पर एक युवक ने चाकू से हमला कर दिया। घटना में दोनो भाइयों को चोटें आई है। एक को कुछ ज्यादा गंभीर चोटें आई हैं। ग्राम कनेरी निवासी लखन ध्रुव ने बताया कि 25 मई की रात करीब 8:30 बजे बड़ा भाई राम घर से निकलकर रंगमंच के पास खड़ा था, हम भी उसी के आसपास खड़े थे। इस दौरान गांव के अमर उइके अपने घर तरफ से हाथ में चाकू पकड़कर आया। पुरानी रंजिश रखते हुये बड़े भाई राम ध्रुव को गाली देते हुए चाकू से वार किया। जिससे बड़ा भाई अपना बीचबचाव करने लगा। इस दौरान बायें हाथ के बीच में अंगुली में चोटें आईं। घटना को देखकर वह भी बीच बचाव करने लगा तो उसकी दाहिनी जांघ के पास चोट लगी। चाकूबाजी व मारपीट करने वाले अमर उइके के खिलाफ पुलिस ने धारा 294, 323, 506 (बी) के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### सफलता : शिकायत के 24 घंटे के अंदर आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

# छह माह में रुपए डबल करने के नाम पर एक करोड़ से अधिक की ठगी, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के पुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम पोंड निवासी ललित कुमार साहू ने थाना में राजनांदगांव जिले के रहने वाले उत्तम साहू के खिलाफ 6 महीने में पैसे डबल करने के नाम पर दो लाख रुपए ठगी करने की शिकायत की। इस मामले को पुलिस ने शिकायत के 24 घंटे के भीतर ठगी करने वाले युवक को राजनांदगांव से गिरफ्तार कर लिया है।

■ बालोद, राजनांदगांव सहित राज्य के अन्य लोगों को बनाया शिकार

पुलिस ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने एक नहीं बल्कि इससे पहले 8 अन्य लोगों से कुल एक करोड़ 19 लाख रुपए की ठगी करने की बात स्वीकार की है। जिन पर कुछ मामले में कार्रवाई जारी है तो कुछ में शिकायत दर्ज की गई है।

ग्राम पोंड निवासी ललित कुमार साहू ने पुरुर थाने में शिकायत की कि उत्तम साहू पिता बुधराम साहू उम्र 38 साल निवासी ग्राम भवरमरा तहसील व जिला राजनादगांव वर्तमान पता सन सिटी कॉलोनी मकान नम्बर क.82 राजनांदगांव द्वारा पैसे डबल करने का लालच देकर 2,00,000 रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवाया। छह माह बाद राशि दुगुनी नहीं मिली, तब प्रार्थी ने थाने मे शिकायत दर्ज कराई। मामले में पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध पंजीबध्द कर जांच शुरू किया। थाना प्रभारी पुरूर निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी को राजनांदगाव शनिवार को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

### इनफिनॉक्स फोरेक्स मार्केट में डाला दो लाख

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि दो लाख रुपए को इनफिनॉक्स फोरेक्स मार्केट मे लगा दिया। कोरोनाकाल के दौरान मार्केट डाउन होने से इंटरनेशनल मार्केट में नुकसान हो गया जिससे आरोपी द्वारा ट्रेड किया हुआ दो लाख रुपए की वेल्यू घटकर 50 हजार रुपए रह गई। पैसे को आरोपी ने वापस विथड्राल कर दिया था। ललित साहू के द्वारा 6 महीने पश्चात पैसे की मांग करने पर आरोपी उसे गोलमाल जवाब देने लगा और अंततः वह उसके पैसे नहीं दिया।



### राज्यभर में 1 करोड़ से अधिक धोखाधड़ी

पुलिस के अनुसार राजनांदगांव जिले में ग्राम हल्दी निवासी कौशिल्या साहू, ग्राम कन्हारपूरी के वंदना रंगारी, अस्पताल कालौनी के मीणा रावटे तथा विमला शांतिमिंज, धमतरी जिले के आर्मी से रिटायर्ड टिकेश साहू, चारामा निवासी लुकेश कुमार साहू, ग्राम अंडा जिला दुर्ग निवासी भरत लाल सिन्हा तथा बालोद जिले के गुरुर थाना क्षेत्र के दीयाबाती निवासी मिश्रीलाल गंगबेर इन सभी लोगों से कुल एक करोड़ 19 लाख रुपए की ठगी उसने की है।

### 10वीं फेल आरोपी बना अकाउंट खोलने का बिजनेसमैन और मास्टर ठग

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह डीमैट एकांउट खोलने का काम करता है। उसने अब तक करीब 100 डी मैट एकांउट खोले हैं। जिन लोगों ने उसके द्वारा डी मैट एकांउट खोलवाएं है, उनके ट्रेड करने पर प्रति ट्रेडिंग 15 से 40 रुपए मिलता है। वर्ष 2021 में आरोपी ने अपने पहचान के ललित साहू से बोला कि वह अपना बिजनेस कर रहा है, जिसमें यदि आपके पास पैसे हैं तो दे दो 6 माह में डबल करके देंगे। शुरूआत में ललित द्वारा मना किया गया। फिर आरोपी ने जिद कर ललित को पैसा जमा करने तैयार कर लिया।

# सूने घर पर चोरों का धावा, दो लाख नकद व जेवर पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पटेली निवासी गजाधर सिंह ठाकुर के घर अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े धावा बोल दिया। चोरों ने नकदी रकम दो लाख रुपए और सोने चांदी के आभूषण सहित कुल दो लाख 22 हजार रुपए की चोरी किए हैं।



■ डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पटेली का मामला

पुलिस के अनुसार प्रार्थी गजाधर सिंह ने बताया कि 21 मई को सुबह करीबन 11 बजे घर में ताला लगाकर सहपरिवार शादी के कार्यक्रम में कांकेर गये थे। शादी कार्यक्रम के बाद 22 मई को रात्रि करीब 8 बजे घर पहुंचे तो देखें कि पीछे दरवाजा में लगे ताला टूटा था। घर के अंदर दोनों कमरे के दरवाजे व अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था। घर में रखे नकद 2 लाख रुपए, महिला समूह के नकद 7000 रुपए व दूसरे कमरे की आलमारी की लाकर में रखी दो नग सोने के अंगूठी, सोने का लाकेट एवं दो जोड़ी चांदी की पायल को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ले गए हैं। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर धारा 380, 457 के तहत मामले की जांच शुरू कर दी है।




# समर कैंप का लिया मजा, सीखीं कलाएं

**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला झोफरा में पांच दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधि आधारित क्रियाकलाप किए।

समर कैम्प में बच्चों ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया और इसका भरपूर आनंद उठाया। इन पांच दिवस में बच्चों को विभिन्न प्रकार के खेल खिलना, खिलौने बनाना, अभिव्यक्ति कौशल, लेखन कला, ड्राइंग पेंटिग, नृत्य, योग करना सिखाया गया। ग्राम झोफरा के युवतियों द्वारा भी इस आयोजन में भागीदारी निभाई। ऋतिका ध्रुवे और यासना ध्रुवे द्वारा सभी बच्चों के हाथों में बहुत ही सुंदर कलात्मक मेंहदी लगाई गई। बालिकाओं को मेंहदी लगाने की बारीकियों को समझाया। पूजा पटेल द्वारा शरीर के अंगों उनके कार्य और समुचित सफाई न करने और लापरवाही से होने वाले रोग और निदान पर बच्चों को व्याख्यान दिया गया। करो योग और रहो निरोग थीम पर शिक्षक महतो द्वारा संगीतमय योगा व जॉकिंग कराया गया, जिसका बच्चो ने भरपूर आनंद उठाया। पांच दिन समर कैम्प में बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत रही, जिससे खुश होकर शाला प्रबंधन समिति द्वारा समापन के अवसर पर सभी को बिस्किट-पैकेट का वितरण किया। जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे, प्रधानपाठक जीएस निर्मल द्वारा सभी का आभार कर समर कैम्प का समापन किया गया।

■ शासकीय प्राथमिक शाला झोफरा में पांच दिवसीय समर कैंप

## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100



## खबर संक्षेप



### चैंबर की मांग पर जगदलपुर के लिए 1 जून से विमान सेवा

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की मांग पर जगदलपुर के लिए 1 जून से सीधी विमान सेवा शुरू होने जा रही है। इस सेवा के शुरू करने की पहल के लिए चैंबर के पदाधिकारियों ने नागरिक एवं उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रति आभार व्यक्त किया है। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से कहा है, प्रदेश के दूरस्थ अंचल में स्थित जगदलपुर का प्रदेश एवं अन्य राज्यों के साथ कनेक्टिविटी बढ़ेगी। बिलासपुर और रायपुर के बाद जगदलपुर के लिए टूरिज्म की संभावना काफी अधिक है, क्योंकि जगदलपुर प्राकृतिक और सांस्कृतिक विविधता से भरा हुआ है। बिलासपुर से जगदलपुर के लिए फ्लाइट शुरू होने से इसे बढ़ावा मिलना तय है।

### बारूद फैक्ट्री विस्फोट, कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बेमेतरा जिले में हुए बारूद फैक्ट्री ब्लास्ट हादसे पर जांच समिति का गठन किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व विधायक अनिता शर्मा के नेतृत्व में आठ-सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। जांच समिति के सदस्य प्रभावित स्थल का दौरा कर पीड़ितों के परिजनों सहित स्थानीय ग्रामवासियों से भेंट चर्चा कर घटना की वस्तुस्थिति से अवगत होकर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेंगे। समिति में आशीष छाबड़ा, महेंद्र छाबड़ा, सुबोध हरितवाल, विनोद तिवारी, उधोराम वर्मा और बंशी पटेल शामिल हैं।

### बारूद फैक्ट्री हादसे के दोषियों पर हो कार्रवाई

**रायपुर**। बारूद फैक्ट्री हादसे में मृतकों प्रति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा, यह हादसा दुखद है। घटना के लिये जो भी दोषी हो, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिये। सरकार युद्ध स्तर पर वहां पर राहत एवं बचाव कार्य करे तथा गायब लोगों का पता लगाये। बारूद फैक्ट्री के लाइसेंस एवं सुरक्षा मानकों की कब-कब जांच की थी। घटना में मृतकों के लिए 50 लाख और घायलों के लिए 10 लाख मुआवजा एवं पर्याप्त चिकित्सा दी जाये।

### झीरम घाटी के शहीदों को अर्पित की पुष्पांजलि



**रायपुर**। कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ ने झीरम घाटी के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने कहा कि झीरम घाटी की घटना नक्सलियों की कायरता का परिचय है। घटना में शहीद हुए नेताओं व कार्यकर्ताओं की शहादत को सलाम है। हम सभी शहीदों के पदचिन्हों पर चलकर देश, प्रदेश व जनता के हित में कार्य करेंगे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ पार्षद एमआईसी मेंबर सुंदर जोगी, सचिव शब्बीर खान, नागेंद्र वोरा, आनंद पांचाल सहित अनेक लोग शामिल हुए।

### हनुमान मंदिर में किया प्रसाद वितरण



**रायपुर**। बूढ़ेश्वर मंदिर के सामने स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के प्रांगण में शनिवार को प्रसाद वितरण किया गया। यह कार्यक्रम वज्रक्ष गौतम के पहले जन्मदिन के अवसर पर किया गया। मंदिर में प्रसाद ग्रहण करने सैकड़ों लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। साथ ही लोगों ने कहा कि संकटमोचन हनुमानजी की कृपा परिवार पर और सुख-शांति, समृद्धि बनी रहे।

# सड़न से दांतों में होने वाले इंफेक्शन का बिना सर्जरी उपचार संभव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

बचपन में लगने वाली चोट अथवा सड़न की वजह से दांतों में होने वाले इंफेक्शन का उपचार अब बिना सर्जरी के संभव है। लंबे अध्ययन और अच्छी सफलता के बाद शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संजीव कुन्हप्पन ने इलाज की नई पद्धति को पेटेंट कराया है।

राज्य के एकमात्र शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय के कंजरवेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडॉन्टिक्स विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव ने बताया कि दांतों में किसी कारण चोट लगने या सड़न होने पर होने वाले इंफेक्शन, जिसको पेरी एपीकल लीजन कहा जाता है, यह धीरे-धीरे जबड़े की हड्डी में फैलने लगता है, जिसका सही समय पर उपचार न होने के वजह से हड्डी गलने लगती है। पूर्व में इसका उपचार सर्जरी द्वारा ही किया जाता था। ऑपरेशन की इस प्रक्रिया से मरीज को परेशानी होती थी। ऑपरेशन के दौरान अत्याधिक खून निकलना संक्रमित के साथ बगल वाले दांतों को भी बाहर निकलना पड़ता था। अब बिना सर्जरी के अत्याधुनिक पद्धति ट्रिपल एंटीबायोटिक पेस्ट व एमटीए का उपयोग करके रूट कैनाल ट्रीटमेंट से इलाज किया जाता है। उपचार की इस नई पद्धति की सफलता को जानने करीब पांच साल में डेढ़ सौ मरीजों का अध्ययन किया गया। इस तरीके से इलाज के लिए शासकीय डेंटल कालेज छत्तीसगढ़ ही नहीं, पूरे भारत में इस पद्धति से उपचार के लिए अपनी पहचान बना चुका है और दूर-दूर से मरीज इलाज के लिए यहां आते हैं। बिना सर्जरी के इस उपचार की सफल पद्धति की खोज डॉ. संजीव कुन्हप्पन द्वारा की गई है। इसे भारत सरकार के कार्यालय के माध्यम से डॉ संजीव द्वारा पेटेंट करा लिया गया है। इसे राज्य के एकमात्र शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय माना गया है।

**नई पद्धति, शासकीय डेंटल कालेज के वरिष्ठ चिकित्सक ने कराया पेटेंट**




## निगम ने जिन नालों की सफाई करवाई, वहीं कई जगह जेसीबी उतारने जगह नहीं

# नालों की सफाई करने एजेंसी तय, नालियों को साफ करेंगे निगम के 160 सफाईकर्मी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

**खास खबर**

प्री-मानसून को देखते हुए बिरगांव निगम ने भी लोगों को जलभराव से बचाने के लिए नालों की सफाई शुरू की है। इस बार भी चार नालों की सफाई पर करीब 20 लाख खर्च करने की तैयारी है। इसके लिए एजेंसी तय की गई है। 15 दिनों में निगम सीमा के 40 वार्डों की पानी निकासी को कनेक्ट करने वाले नालों की सफाई पूरी करने निर्देश दिया गया है। वहीं 40 वार्डों की बड़ी कनेक्टिंग नालियों की सफाई इस बार भी निगम के 160 कर्मचारियों के जिम्मे है।

बिरगांव निगम में कई ऐसे इलाके ऐसे हैं, जहां कर्मचारियों की कमी के कारण सफाई का बुरा हाल है। इसे देखते हुए दो साल से की जा रही सफाई कर्मियों की मांग अभी भी प्रक्रिया का हिस्सा बनी हुई है। इससे करीब डेढ लाख की आबादी को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अव्यवस्था की स्थिति बरसात में इस बार बढ़ने वाली है, क्योंकि मेटल पार्क, मजदूर नगर, उरकुरा में कई इलाकों में नालियों का निर्माण भी नहीं हुआ है। वहीं नालों की सफाई के लिए जिस एजेंसी को काम दिया गया है, वह जेसीबी और चेन माउंटेन के जरिए नालों की सफाई कर रही है। अभी तक सरोरा और उरकुरा के कुछ हिस्से की सफाई ही हो पाई है। उरकुरा में रेलवे की पटरी को नाले के पास से हटवाने के लिए एनओसी लेने की स्थिति है। वहीं सरोरा के मजदूर नगर वार्ड में नाले की अधूरी सफाई की जानकारी स्थानिय निवासी विनोद निषाद ने दी। बताया कि हर साल की सफाई में इसी तरह की खामी से वार्ड में जलभराव होता है।



### कनेक्टिंग नालियों की सफाई

*निगम सूत्रों ने बताया कि इस बार भी वार्डों की सभी बड़ी नालियों की सफाई बरसात शुरू होने से पहले पूरा करने की तैयारी है। इस बार भी सफाई व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों के भरोसे ही सभी छोटी-बड़ी नालियों की सफाई करवाने की तैयारी है। अभी वर्तमान स्थिति में निगम के पास वार्डों की सफाई के लिए 160 कर्मचारी हैं। इसके चलते वार्डों में सामान्य दिनों में गंदगी का आलम रहता है। मेटल पार्क, मजदूर नगर , रावांभाठा में कई ऐसे इलाके हैं, जहां कुछ साल पहले खाली प्लाटों में पानी जाता था, अब लोगों ने मकान बनवा लिए और निगम नाली नहीं बनवा पाया है। इससे जलभराव की समस्या कई क्षेत्र में इस बार भी होगी।*

### रोज दो जेसीबी व चेन माउंटेन

निगम ने एजेंसी द्वारा उपयोग किए जा रहे दो जेसीबी व चेन माउंटेन की मदद से सरोरा व उरकुरा नाले की सफाई करवाई जा रही है। इसमें कई स्पाट पर संसाधन का उपयोग करना संभव नहीं है। इनके आसपास लोगों ने मकान बना लिया है। इसे देखते हुए हर साल होने वाली सफाई में कई हिस्से छूट जाते हैं। इनमें मजदूर नगर और मेटल पार्क नाला के साथ ही उरकुरा नाले की सफाई इस बार भी कई जगह अधूरी है। इसके चलते ही बरसात के दिनों में पानी मजदूर नगर बस्ती में आता है। इसी तरह की स्थिति उरकुरा में भी बनती है। इसके बाद भी जिम्मेदार एजेंसी से सिर्फ नालों की अधूरी सफाई करवा रहे हैं।

**करवा रहे नालों की सफाई**

इस बार भी 19 लाख से ज्यादा का टेंडर नालों की सफाई के लिए किया गया है। जिन स्थानों पर जेसीबी से सफाई संभव नहीं है, वहां कर्मचारी लगाएंगे। निगम के पास सफाई कर्मी कम हैं। 80 कर्मचारियों व वार्डों में अधूरी नालियों के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

- मो. रियाज, अध्यक्ष स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, बिरगांव

**हर साल होता है जलभराव**

जिम्मेदार व्यवस्था दुरुस्त करने के बजाय इसे आधा-अधूरा करके नई मुसीबत पैदा कर रहे हैं। नालों की सफाई के बाद मलबे को वहीं छोड़ा जा रहा, इससे बारिश होने पर वह नालों में जाम होता है। इससे सफाई के लिए खर्च करने के बाद भी सुविधा नहीं मिलती।

- ओमप्रकाश साहू, नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम, बिरगांव

# गोवंश अभयारण्य योजना लाएगी प्रदेश सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

सड़कों पर खुले में घूमने वाले स्वामी विहीन गोवंशों की सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेश की विष्णुदेस साय सरकार प्रदेश में गोवंश अभयारण्य योजना लाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अधिकारियों को इस संदर्भ में कार्ययोजना बनाने के आवश्यक निर्देश दिए हैं।

प्रदेश में पशुधन विकास विभाग, पंचायत, राजस्व एवं वन विभाग के समन्वय से गोवंश अभयारण्य संचालित करने की योजना है। इस योजना के क्रियान्वयन से सड़कों पर भूखे-प्यासे भटकने वाले गोवंश को न केवल नियमित आहार मिल सकेगा वरन् उनकी उचित देखभाल और चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध होगी। गोवंश अभयारण्य पशुधन के लिए उचित रहवासी वातावरण से परिपूर्ण होगा।



- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अधिकारियों को दिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश

गौरतलब है कि सड़कों पर घूम रहे स्वामी विहीन पशुधन न केवल यातायात के लिए बाधा बन रहे हैं, बल्कि आए दिन दुर्घटनाओं का कारण भी बनते हैं। भूख से बेहाल पशुधन द्वारा कूड़ा-कचरा एवं प्लास्टिक खाने से उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। गोवंश अभयारण्य योजना इसे रोकने की दिशा में सकारात्मक कदम साबित होगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, ठोस कार्ययोजना के माध्यम से भ्रष्टाचार मुक्त, सेवा, सुरक्षा और संवर्धन का ध्येय वाक्य ले कर प्रदेश में स्वामी विहीन पशुधन के लिए गोवंश अभयारण्य की रूप रेखा बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। प्रस्तावित योजना लागू होने पर न केवल सड़कों पर भूखे-प्यासे भटकने वाले गोवंशों को नियमित आहार, देखभाल और चिकित्सकीय सुविधा मिलेगी बल्कि दुर्घटनाओं पर भी लगाम लगेगी।

# झीरम कांड पर बोले बघेल- 11 साल बाद भी पीड़ितों को नहीं मिला न्याय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि झीरम हमले के 11 साल पूरे होने को हैं, लेकिन पीड़ितों को न्याय नहीं मिला है। भाजपा सरकार ने हमेशा झीरम की जांच को रोकने का प्रयास किया है। हमने कई बार एनआईए से झीरम की जांच के लिए फाइल सौंपने कहा था। तत्कालीन लोगों की भूमिका थी, इसलिए जांच होने नहीं दी थी। जेब में सबूत रखने के बयान पर भूपेश बघेल ने कहा, विजय शर्मा सत्ता में बैठे हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि किसी के गिरेहबान में हाथ डालने का अधिकार मिल गया है। उन्होंने कहा, केंद्र में हमारी सरकार बनने जा रही है, उसके बाद एनआईए सही दिशा में जांच करेगी। चार जून तक प्रतीक्षा करिए। उसके बाद हमारी सरकार सभी चीजों को स्पष्ट कर देगी।

### झीरम के शहीदों को श्रद्धांजलि



झीरम हमले की 11वीं बरसी पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में झीरम के शहीदों के लिये श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। झीरम के शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। झीरम के शहीदों को याद करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस झीरम के शहीदों की ऋणी है।




### कांग्रेस स्पष्ट करे नक्सलवाद का खात्मा चाहती है या नहीं : शिवरतन

**रायपुर**। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा, कांग्रेस स्पष्ट करे कि वह नक्सलवाद का खात्मा चाहती है या नहीं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नक्सल मामले में बयान को बेहद शर्मनाक बताते हुए श्री शर्मा ने कहा, ऐसे दिन, जब कांग्रेस से ही जुड़े प्रदेश के अनेक नेता नक्सल हमले में दिवंगत हुए थे, उसी दिन कांग्रेस अध्यक्ष नक्सलियों के समर्थन में बयान देते हैं। श्री शर्मा ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, अभी छत्तीसगढ़ सबसे बड़ी लड़ाई नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ रहा है। सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता भी मिल रही है। डेढ़ माह में 112 से अधिक नक्सली मारे गए हैं, सैकड़ों गिरफ्तार हुए हैं, बड़ी संख्या में नक्सली आत्मसमर्पण भी कर रहे हैं।

### पीडिया मुठभेड़ की जांच हाईकोर्ट के जज की निगरानी में कराई जाए



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, बीजापुर के पीडिया में विगत दिनों सुरक्षा बलों एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर सामने आई थी। 10 मई को हुई इस मुठभेड़ में 12 लोगो की मौत तथा इस घटना में 6 लोग घायल हुये। घटना के संबंध में पुलिस का दावा था कि मारे गये सभी लोग नक्सली थे। घटना के बाद ग्राम पीडिया और ईतवार के ग्रामीणों का कहना है कि घटना में मारे गये सभी लोग नक्सली नहीं थे। ग्रामीणों के इस दावे के बाद प्रदेश कांग्रेस ने घटना की वस्तुस्थिति जानने एक जांच दल का गठन किया था। जांच दल ने ग्रामीणों से बातचीत कर घटना के संबंध में जानकारी एकत्र की। कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने बताया कि 16 मई को पीडिया जांच दल के संयोजक संतराम नेताम, सदस्य विधायक इन्द्रशाह मंडावी, विक्रम मंडावी, जनकलाल ध्रुव, सावित्री मंडावी, रजनू नेताम, शंकर कुडियम एवं छविन्द्र कर्मा ने पीड़ति परिवार के परिजन सुक्की कुंजाम, ललिता, अवलम समली, बुधरू राम बारसे, पोदिया, बोदे से अलग-अलग पूछताछ कर बयान लिया। ग्रामीणों ने बताया कि पीडिया नक्सली मुठभेड़ में मल्लेपल्ली निवासी बुधू ओयाम, पालनार निवासी कल्लू पुनेम, ईतावार निवासी-लक्खे कुजाम, उण्डा छोटू, उरसा छोटू सुक्कू ताती, चैतू कुंजाम, सुनीता कुंजाम, जागो बरसी, पीडिया निवासी सन्नू अवलम, भीमा ओयाम, दुला तामो को पुलिस ने नक्सली बताकर मार दिया।

# नाला सफाई के लिए किराए के पोकलेन ढूंढ रहा निगम, अब तक वर्कआर्डर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शहर में बड़े नालों की बरसात पूर्व सफाई को लेकर नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग सुस्ती बरत रहा है। नगर निगम के 10 में से 4 जोन ऐसे हैं, जहां बड़े नालों की सफाई के लिए पोकलेन मशीन की जरूरत है। संबंधित जोन द्वारा इसकी डिमांड भी निगम मुख्यालय में बैठे स्वास्थ्य अधिकारी से की गई, पर अब तक संबंधित जोन में पोकलेन मशीन उपलब्ध नहीं करा पाये। इससे शहर के बड़े नालों की सफाई प्रभावित हो रही है। नगर निगम के पास केवल 2 पोकलेन मशीन है जो शहर में बड़े नालों की संख्या और शहर की जरूरत हिसाब से कम है। इसीलिए हर साल किराये के पोकलेन लगाकर नालों की सफाई करानी पड़ती है।

मानसून आने से पहले शहर के बड़े नालों की सफाई कराने में निगम का पसीना छूट रहा है। नगर निगम के पास पोकलेन मशीन की कमी के कारण जोन 1, जोन 2, जोन 3 और जोन 4 के बड़े नालों की समय पूर्व सफाई में अड़चन आ रही है। जोन 3 के कमिश्नर ने निगम मुख्यालय से नाला सफाई के लिए पोकलेन मशीन उपलब्ध कराने आग्रह किया है, पर स्वास्थ्य विभाग इसलिए अब तक पोकलेन मशीन उपलब्ध नहीं करा पाया, क्योंकि निगम के पास मौजूद 2 पोकलेन मशीन पहले ही दूसरे जोन के नाला सफाई में लगी हुई है। सूत्रों के मुताबिक लोकसभा चुनाव से पहले किराये की पोकलेन मशीन के लिए मुख्यालय से टेंडर किया गया था, जिसमे आधा दर्जन ठेकेदारों ने निविदा भरी, पर आज तक इसके लिए वर्कआर्डर नहीं हो पाया है। इससे जोन 3 व जोन 2 के बड़े नालों की सफाई का कार्य नहीं हो पाया।




### 10 दिन के किराये की मशीन चाह रहे अधिकारी

शहर के बड़े नालों की बरसात पूर्व सफाई कराने नगर निगम इस बार भी किराये की पोकलेन मशीन के भरोसे है। निगम के आला अधिकारी केवल 10 दिन के लिए किराये की पोकलेन मशीन चाहते हैं, जिसमें शहरभर के बड़े नालों की सफाई हो सके, जबकि मानसून आने में ज्यादा दिन नहीं रह गये।

## मुख्य चुनाव अधिकारी मगेलाल मालू ने जारी किया पूरा कार्यक्रम

# सराफा चुनाव के लिए मतदाता सूची का प्रकाशन 28 को, मतदान 23 जून को रायपुर में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

सराफा चुनाव को लेकर बीते पांच माह से चल रहे विवाद के बाद अंततः अब जाकर दो साल विलंब से सराफा चुनाव का कार्यक्रम तय हो गया है। मुख्य चुनाव अधिकारी मगेलाल मालू ने शनिवार को पूरा कार्यक्रम जारी किया है। 28 मई को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन होगा, इसी के साथ चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। 23 जून को रायपुर में मतदान होगा। तीन पदों अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष के लिए चुनाव होगा।

सराफा एसोसिएशन का पिछला चुनाव 2019 में हुआ था। इसके तीन साल बाद चुनाव 2022 में होना था, लेकिन किसी न किसी कारणवश चुनाव टलता रहा। इसको लेकर लगातार विवाद भी हुआ। 7 जनवरी को रायपुर में आमसभा के बाद एक माह में चुनाव कराने का फैसला हुआ था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। लोकसभा चुनाव के कारण चुनाव को फिर से टाल दिया गया, लेकिन अब जाकर चुनाव की तिथि तय हो गई है। तय कार्यक्रम के मुताबिक 28 मई को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन होगा। इसके बाद तक त्रुटि सुधार के बाद 3 जून को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।


चुनाव अधिकारी को मिली मतदाता सूची

सराफा चुनाव का रास्ता अब साफ जून में वोटिंग संभव

दो साल अतिरिक्त होने के बाद भी सराफा चुनाव होने के आसार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन का अंततः दो साल विलंब से चुनाव होने का रास्ता साफ हो गया है। अब जाकर मुख्य चुनाव अधिकारी मगेलाल मालू को मतदाता सूची सौंपी गई है। अब सूची मिलने के बाद चुनाव कराने की तैयारी की जा रही है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद अगले माह कभी भी चुनाव होंगे। एक-दो दिनों में चुनाव की तिथि भी घोषित कर दी जाएगी।

सराफा एसोसिएशन के चुनाव को लेकर बीते छह माह से विवाद चल रहा है। इस साल 7 जनवरी को रायपुर में आमसभा कराई गई थी। इसमें भारी घमासान के बाद अंत में तय किया गया था कि पांचों संभाग से एक-एक चुनाव अधिकारी बनाकर एक माह में चुनाव कराया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इधर पांच संभागों के चुनाव अधिकारियों के स्थान पर थोक में सहायक चुनाव अधिकारी बनाने के बाद विवाद खड़ा हो गया। इसी के साथ कई संस्थाओं को मतदाता सूची से भी बाहर कर दिया गया। इसको लेकर बिलासपुर एसोसिएशन ने मोर्चा खोला। बाद में आपसी समझौते के बाद तय किया था कि अप्रैल में चुनाव कराएं जाएंगे। लेकिन लोकसभा चुनाव को लेकर इसको टाल दिया गया। इसके बाद अचानक चुनाव अधिकारी को जारी किए गए पत्र को लेकर विवाद सामने आया। इस बार फिर से बिलासपुर सराफा

▸▸ शेष पेज 11 पर

**मिली मतदाता सूची**

लगातार चुनाव कराने के लिए जनवरी के बाद से तिथि घोषित करने की बात होती रही लेकिन अब तक तिथि घोषित नहीं हो सकी है, लेकिन अब जाकर मुख्य चुनाव अधिकारी को एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल बरड़िया और अन्य पदाधिकारियों ने मतदाता सूची सौंपी है। श्री मालू ने बताया मतदाता सूची मिलने के बाद अब चुनाव कराने की तैयारी चल रही है।

### पांच जून से नामांकन

*तीन पदों के लिए 5 से 7 जून तक नामांकन पत्र प्राप्त होंगे और 8 जून तक जमा होंगे। 10 जून को नामांकन पत्रों की जांच और 11 जून को नाम वापसी होगी। 12 जून को प्रत्याशियों की अंतिम सूची तय करने के बाद अगले दिन 13 जून को प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह दिया जाएगा। प्रत्याशियों को दस दिनों का समय प्रचार के लिए मिलेगा, इसके बाद 23 जून को पुजारी पार्क मानस भवन में सुबह 10.30 बजे से दोपहर दो बजे तक मतदान होगा। मतदान के दो घंटों के बाद मतगणना होगी।*

### दस सहायक चुनाव अधिकारी भी तय

*चुनाव कराने के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी मगेलाल मालू के साथ दस सहायक चुनाव अधिकारी बनाए गए हैं। इसमें रायपुर के प्रकाश गोलछा, धरमचंद भंसाली, राजेंद्र शर्मा, अनिल कुचेरिया, राजनांदगांव के उमेदचंद कोठारी, दुर्ग के ताराचंद कांकरिया, बिलासपुर के पंकज पारख, रायगढ़ के श्याम अग्रवाल, जगदलपुर के सतीश सूर्यवंशी और अंबिकापुर के राजेश सोनी शामिल हैं।*

# गैरेज में काम करने वाले गार्ड की लूट की नीयत से हत्या कर लाश नाले में फेंकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

आमानाका थाना क्षेत्र में गैरेज में काम करने वाले गार्ड की गार्डन के नाले में लाश मिली है। हत्या की वजह लूट बताई जा रही है। लूट की वजह मौके से मृतक का पर्स के साथ मोबाइल गायब होना है। हत्यारों का अब तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की बात कह रही है। पुलिस के अनुसार मृतक का मोबाइल तथा पर्स गायब है। इसीलिए पुलिस ने लूट की नीयत से हत्या करने की आशंका व्यक्त की है। इसके अलावा पुलिस, हत्या की वजह जानने अन्य कारणों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस के मुताबिक चंगोराभाठा निवासी 45 वर्षीय कल्याण की लाश नाले में मिली है। मृतक के चेहरे तथा सिर पर चोट के निशान हैं। मृतक जिस गैरेज में काम करता था, उसकी कुछ दूरी पर नाले में लोगों ने लाश देखी, इसके बाद लोगों ने पुलिस को लाश मिलने की सूचना दी। मौके पर फोरेंसिक एक्सपर्ट तथा पुलिस की टीम जांच में जुटी हुई है। कल्याण की जहां लाश मिली है, पुलिस उसके आसपास सीसीटीवी फूटेज में संदिग्धों के बारे में जानकारी जुटा रही है। इसके साथ ही पुलिस आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि तीन वर्ष पूर्व राखी के एक दिन पूर्व रक्षाबंधन मनाने आए एक ट्रक ड्राइवर की सोनडोंगरी में अज्ञात बदमाशों ने लूट की नीयत से हत्या कर दी थी।

- घटना आमानाका थाना क्षेत्र की

**खबर संक्षेप**



## गौ अभयारण्य बनाने की घोषणा पर जताया आभार

**डौंडीलोहारा।** युवा नेता एवं समाजसेवी नमो लोढ़ा ने गौ अभ्यारण की घोषणा के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा के अनुसार सरकार गौवंशों की सुरक्षा, देखभाल और सड़कों पर घूमने वाले गौवंशों की सुरक्षा के लिए गौवंश अभयारण्य बनाएगी। इससे निश्चित ही सड़कों पर भूखे-प्यासे भटकने वाले गौवंशों को नियमित आहार, देखभाल और चिकित्सकीय सुविधा मिलेगी वरन दुर्घटनाओं पर भी लगाम लगेगी।

## मृतक के परिजनों को दी श्रद्धांजलि योजना की राशि



**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत लिमोरा में राजीव यादव के पुत्र का निधन हो जाने के कारण ग्राम के सरपंच सरोज साहू व जनपद सदस्य ममता निजानंद चंद्राकर व उपसरपंच योगेंद्र चंद्राकर की उपस्थिति में श्रद्धांजलि योजना के अंतर्गत दो हजार रुपए की राशि परिजन को सहायता प्रदान की गई।

## बिजली बंद की शिकायत पर त्वरित निराकरण

**दुर्ग।** भीषण गर्मी में बिजली बंद होने की शिकायत जनता से मिलने पर विधायक गजेंद्र यादव ने संज्ञान में लिया और बिजली कंपनी के प्रबंध निदेशक को फोन कर बोरसी, बघेरा, जवाहर नगर और दुर्ग सिटी चारों जोन में व्यवस्था दुरुस्त करने निर्देश दिए है। उन्होंने दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के सभी कार्यपालन यंत्री को बिजली बंद होने की शिकायत पर त्वरित निराकरण करने तथा 132 केवी ट्रांसमिशन रिले सिस्टम को शीघ्र व्यवस्थित करने निर्देश दिए है। इसके अलावा निगम क्षेत्र के सभी पोल में लाइट चालू करने निगम के अधिकारियो को निर्देश दिए है ताकि रात्रि में आवागमन में नागरिकों को परेशानी न हो।

## लूटपाट करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** कार से दोस्त को घर छोड़ने जा रहे युवक के साथ मारपीट कर लूटपाट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 341, 394, 427 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मैत्रीकुंज प्रगति नगर रिसाली निवासी प्रियांशु दुबे रुआबांधा में अपने कार से दोस्त को छोड़ने जा रहा था। इस दौरान रुआबांधा के युवक कुमार साहु उर्फ लद्दी और उसके साथी ने मिलकर पहले कार रोका। फिर कार में जमकर तोड़फोड़ कर पीड़ित से मारपीट कर लूटपाट कर फरार हो गए।

**निधन**

## अंगेश्वर प्रसाद साहू



**बालोद।** नगर के अंगेश्वर प्रसाद साहू का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के महामंत्री शंभू साहू के भाई थे।

**आशंका**

### क्षेत्र में ब्लास्टिंग के कारण निचली बस्तियों के घरों को पहुंच रहा नुकसान

# बेमेतरा की घटना के बाद खनिज नगरी दल्लीराजहरा में भी दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा





दल्लीराजहरा माइंस क्षेत्र के समीप रहवासियों के बीच ब्लास्टिंग को लेकर दहशत का माहौल बना हुआ है। पिछले दो दिन पूर्व पड़ोसी जिला बेमेतरा जिले में हुए बारूद ब्लास्टिंग को लेकर जहां मौत और लोगों के घायल होने की घटना के बाद से बारूद की नगरी, खनिजों की नगरी दल्लीराजहरा के खनिज माइंस की निचली बस्तियों के रहवासियों के बीच काफी डर, भय व दहशत का माहौल देखने को मिल रहा है। हालांकि बीएसपी प्रबंधन ने दावा किया है कि बेमेतरा में हुई घटना की पुर्नवृत्ति दल्लीराजहरा में नहीं होगी, परंतु जिस तरीके से बीएसपी प्रबंधन दल्लीराजहरा के विभिन्न माइंसों में ब्लास्टिंग किया करते हैं और उस ब्लास्टिंग से शहर के मकानों दुकानों में दरारें पड़ रही हैं, उसे देखते हुए नगरवासियों के माथे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट झलक रही हैं। नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर ने भी स्पष्ट तौर से कहा कि बीएसपी प्रबंधन को कड़ी सुरक्षा और विभिन्न आधुनिक टिप्स के अनुरूप वाइब्रेशन ब्लास्टिंग करना चाहिए, जिससे कि जनता के बीच भय दहशत का माहौल ना बने।

गौरतलब है कि 2 दिन पूर्व बेमेतरा में ब्लास्ट के बाद परिजन अपनों की तलाश में भटक रहे हैं। हर नेता और प्रशासन के अधिकारियों से पूछ रहे हैं कि उनके घर के सदस्य जो कल से लापता हैं, कहां हैं? शनिवार बेमेतरा के स्पेशल ब्लास्ट फैक्ट्री में हुए हादसे के बाद कई परिवार उजड़ गए हैं। लापता हुए लोगों के परिजन गेट के बाहर धरने पर बैठे हैं। उन्हें गेट के अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। बीते कुछ समय से बी.एस.पी. दल्लीराजहरा के माइंस में ब्लास्टिंग का कंपन/वाइब्रेशन व उसका प्रभाव इतनी ज्यादा रहता है कि माइंस के करीब रहने वाले लोग उस समय में घर के अंदर रहने में डरने लगे हैं, क्योंकि ब्लास्टिंग के समय होने वाले कंपन से घरों के रेक में रखे सामान, दीवार में लटकी घड़ी गिर जा रही है। कभी-कभी तो ऐसा भी लगता है छत गिर न जाए। दीवारें तो कमजोर हो ही चुकी हैं, कभी भी गिर जाने की आशंका बनी रहती है। इसके लिए जल्द ही कोई प्रयास करना अति आवश्यक है अन्यथा कोई बड़ी घटना होने की आशंका है ।

### सबसे ज्यादा ये वार्ड प्रभावित

दल्लीराजहरा में सबसे ज्यादा प्रभावित वार्ड में 16,14,11 है इसके अलावा बीएसपी वार्ड नंबर 1, 2, 5, 9 एवं 4 यह सभी वार्ड ब्लास्टिंग से प्रभावित है। लौह नगरी दल्लीराजहरा के नाम से विख्यात दल्लीराजहरा शहर अब पूरी तरीके से उजड़ने की कगार पर खड़ा है। माइंस में हो रहे ब्लास्टिंग से नगर व इसके आसपास के क्षेत्र पूरी तरीके से प्रभावित हो रहे हैं। दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 1,2,3,6,7,9,22 व 23 की कई घरों में ब्लास्टिंग की वजह से दरारें पड़ रही है,और घर जर्जर हो रही है। पीड़ित व्यक्तियों ने कई बार इसकी शिकायत बीएसपी प्रबंधक को की और इस समस्या से अवगत कराया लेकिन बीएसपी प्रबंधक की लापरवाही और आखों में पट्टी के चलते नगर के कई घरों में दरार पड़ रही और घर जर्जर होकर टूट रही है। बीएसपी प्रबंधक नगर की सुख और सुविधाओं को दर किनार कर खाली ब्लास्टिंग कर उत्पादन में वृद्धि कर रही है। डरे और प्रभावित लोगों ने बताया कि हमने घर कुछ वर्ष पूर्व ही बनाया था, लेकिन माइंस में हो रहे ब्लास्टिंग के द्वारा उत्पन्न कंपन इतनी अधिक होती है कि घरों में दरार पड़ रही है। हमने इसकी जानकारी बीएसपी के अधिकारियों को दी थी लेकिन अब तक किसी भी प्रकार की कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। और अब हमारे पास इतना पैसा भी नहीं है कि हम इसे पुनः से मरम्मत करा सकें। यह सब बीएसपी प्रबंधक की लापरवाही और मनमानी के चलते लौह नगरी दल्लीराजहरा अब धीरे-धीरे उजड़ रही है।

इस तरह बीएसपी क्षेत्र में ब्लास्टिंग होने से बीएसपी क्षेत्र के आसपास के वार्डो में बोर के पानी सूख गए हैं। जनता लगातार पानी के लिए तड़प रही है वार्ड क्रमांक 4, वार्ड क्रमांक 10, वार्ड क्रमांक 13 वार्ड क्रमांक 11 वैसे ही अन्य वार्ड में ब्लास्टिंग के होने से सरकारी बोर व घर के बोर से पानी सूखने के कगार में आ गया है जिसमे बीएसपी प्रबंधक अपने बीएसपी क्षेत्र का भला देखकर जनता के साथ नाइंसाफी कर रही हैं और दल्ली राजहरा के नगरवासियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं।

### बीएसपी प्रबंधन की उदासीनता से जनता परेशान

दल्लीराजहरा की जनता का आरोप है कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा हमेशा से ही उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है। उनका हक व नगर का विकास को रोककर रख दिया गया है। लगातार लाल पानी से प्रभावित नगरवासियों द्वारा कई आंदोलन किए गए, उसके बाद भी बीएसपी कुंभकरण की नींद सो कर दल्ली राजहरा नगर के विकास कार्य को रोककर रखा है। अब देखना यह है कि नगर वासियों के लिए बीएसपी प्रबंधन के खिलाफ यहां की राजनीतिक पार्टी किस तरह शहर के विकास के लिए लड़ती है?

### ब्लास्टिंग के कारण लगभग सभी वार्डों के सरकारी बोर सूखे

दल्लीराजहरा शहर में शुरुआत से ही पानी की समस्या और दिक्कतें काफी रही है और आए दिन ब्लास्टिंग होने की वजह से नगर के वार्ड क्रमांक, 1,2,3, 6,7,9,22,23,4, के सरकारी बोर सूखने की कगार पर है। इसके कारण वार्डवासी परेशान व चिंतित हैं। लगातार वार्ड वासियों से नगर पालिका अध्यक्ष से चर्चा कर रहे हैं।


**बीएसपी को बताई जा चुकी है समस्याः** नगर पालिका अध्यक्ष व वार्ड पार्षद 22 शिबू नायर ने बताया कि बीएसपी को बार-बार शहर के प्रति अवगत कराया गया है। हमने बताया है कि नगरपालिका के सरकारी बोरों का पानी लगातार ब्लास्टिंग के होने से स्रोत कम हो रहा है। जनता की शिकायत लगातार नगरपालिका तक आ रही है। उन्होंने अधिकारियों से मांग की है कि बीएसपी को ब्लास्टिंग व जनता की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इसका निवारण करना चाहिए। वहीं, इस संबंध में बीएसपी महाप्रबंधक आरबी गहरवार को फोन लगाकर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# एक ही ट्रांसफार्मर पर बहुत ज्यादा कनेक्शन लो वोल्टेज ने बढ़ाई ग्रामीणों की परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद







जिला मुख्यालय बालोद से महज 6 किलोमीटर दूर पर स्थित ग्राम देवारभाट में स्थित एक ही ट्रांसफार्मर में बहुत ज्यादा कनेक्शन होने के कारण गाँव के विभिन्न वार्डों में लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है।

ग्राम देवारभाट में लो वोल्टेज की समस्या वर्षों से बनी हुई, जिसको लेकर ग्रामीण पंचायत कार्यालय और विद्युत विभाग सब स्टेशन झलमला के सामने धरना प्रदर्शन कर चुके हैं। इसके बावजूद इसके ग्रामीणों की समस्या दूर नहीं हुई है और ग्रामीणों को लो वोल्टेज के साथ ही बिजली गुल की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। वहीं, बिजली गुल और लो वोल्टेज के कारण अधिकांश घरों में लगे बिजली के सामान भी खराब होते रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा ग्रामीणों की समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार देवारभाट गाँव में तीन ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। लेकिन एक ट्रांसफार्मर से बहुत ज्यादा कनेक्शन दिया गया है। ग्रामीणों की मानें, तो किसानों के खेतों के पम्प के साथ ही लगभग 150 घरेलू कनेक्शन एक ही ट्रांसफार्मर से दिया गया। इसके कारण वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5 में लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है, जिसके कारण ग्रामीणों के पंखे, टीवी, कूलर, फ्रिज, सेटअप बॉक्स कई बार खराब हो चुके है और यह सिलसिला जारी है। लेकिन, विद्युत विभाग द्वारा ग्रामीणों की समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं, बिजली गुल होने के कारण आए दिन पानी की समस्या भी बनी रहती है। बावजूद इसके इस मूलभूत समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।


### सब स्टेशन झलमला का किया था घेराव

ग्रामीण भूपेंद्र देवांगन ने बताया कि बिजली गुल और लो वोल्टेज की समस्या को लेकर ग्रामीणों के द्वारा कुछ दिनों पूर्व विद्युत विभाग सब स्टेशन झलमला का घेराव ग्रामीण पुरुष और महिलाओं के द्वारा किया गया था, दूसरे दिन पंचायत में भी ग्रामीण पहुँचे थे, बावजूद इसके ग्रामीणों की समस्या पर संबंधित विद्युत विभाग और पंचायत द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## जिला अस्पताल में स्पाइन का किया गया सफल सर्जरी

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉ कुलदीप सिंह एवं डॉ बसंत चौरसिया द्वारा 52 वर्षीया महिला चंद्रिका चंद्राकर का स्पाइन का सफल सर्जरी किया गया। मरीज को डिस्चार्ज भी कर दिया गया है। इस मरीज को सेवर सेंट्रल कैनाल स्टेनोसिस था। जिसकी वजह से राइट पैर में हमेशा दर्द रहता था और वह अपना पैर तक सीधा नहीं कर पाती थी। वहीं डॉ कुलदीप एवं डॉ बसंत द्वारा मरीज धनीराम का कार से एक्सीडेंट हो जाने से गर्दन की हड्डी टूट गई और उसके शरीर के निचले हिस्से ने काम करना बंद कर दिया था साथ ही दोनो हाथों में भी कमजोरी आ गई थी का ऑपरेशन किया गया और गर्दन की हड्डी में मेटल का केज लगाया गया। ये बहुत ही जटिल व खर्चीली सर्जरी है। वहीं जिला चिकित्सालय दुर्ग में डीएमएफ से एक्सपीरियंस डॉक्टर होने से सेफली एवम सफलता पूर्वक यह ऑपरेशन फ्री में हो जाते हैं।

# अपने पुरखों को देवलोक में गढ़ादेव के रूप में स्थापित कर सम्मान देते हैं पारधी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

■ अपने पितरों को देवलोक में स्थान देती हैं जनजातियां

छत्तीसगढ़ के विभिन्न जाति-समुदाय में अपने-अपने पितरों को देवलोक में स्थान दिया जाता है। प्राचीन भारतीय मान्यता के अनुसार दिवंगत परिजनों का देवलोक में स्थान प्राप्त करने अर्थात परमधाम जाने की मान्यता है। वहीं पारधी जनजातियों में अपने दिवंगत परिजनों को चांदी की मूर्ति फलक और चिलम के आकार तथा वर्तमान में सिक्के के आकार में मानवाकृति गढ़वा कर अपने देवलोक में गढ़ा देव के रुप में अनुष्ठानपूर्वक स्थापित करने की परंपरा शताब्दियों से प्रचलित है। इनके पास जहां अपने द्वारा पूजित देवी-देवताओं देवी सिकोतर, देवी पारधन, देवी शीतला, देवी महाकाली, देवी रिच्छिन, देवी गांव फिरंतिन, देवी देश फिरंतिन, देवी अघाई जैसे बीस से अधिक देवी-देवताओं देवताओं को चांदी की मूर्ति फलक में खप्पर देव होता है। वहीं ये लोग अपने दिवंगत पुरखों को भी इन्हीं के साथ माईघर के एक कोने में बने देव लोक में स्थापित करते हैं।

विगत दिनों शिक्षक और संकृति कर्मी राम कुमार वर्मा ने अपने समुदाय विस्तार सेवाओं और जनजाति शोध अध्ययन के तहत समाज प्रमुख डॉ. अमित पारधी के साथ थनौद गांव के सूरज पारधी द्वारा अपने देवलोक में दिवंगत पिता और भाई को चांदी की मूर्ति फलक सिक्कों की आकृति में गढ़वा कर स्थापित करने के अनुष्ठान को देखा। इस आधार पर उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की जनजातियों का सर्वश्रेष्ठ देवलोक पारधियों का होता है। इसमें ये लोग अपनी पीढ़ी दर पीढ़ी दिवंगत पुरखों को याद करने के लिए कीमती धातु में गढ़वा कर रखते हैं और प्रतिदिन पूजा करने के साथ ही जंवरा, देव जोहारनु, देव उजली देवी, देव स्थापन का विशेष अनुष्ठान अपनी लोक रीति के अनुसार करते हैं। ये पूरी तरह से वैदिक रीतियों के अनुसार होता है। पर ये अपनी लोक मान्यता के अनुसार स्वयं अपने, पंडों और वरिष्ठ परिजनों द्वारा संपन्न कराते हैं। यह अनोखी और अनुकरणीय परंपरा है। इसमें अपने पीढ़ियों, पुरखों को क्रमशः स्मरण रख कर याद किया जाता है।

### पितृपक्ष का नहीं करते आयोजन

इनके द्वारा अन्य जन जातियों की तरह पितृ पक्ष का आयोजन नहीं करते, बल्कि समय-समय पर किसी के दिवंगत हो जाने पर घर की शुद्धता के साथ ही अपने देवी-देवताओं को बहती नदियों की जलधारा में डुबकी लगाकर, नहला कर पूर्ण अनुष्ठान के साथ घर के देव लोक स्थापित करते हैं। इसकी समय-समय पर पूजा-अर्चना अर्चना करते रहते हैं।

# गर्मी में भी झरनों से झरते रहता है पानी, इसलिए नाम पड़ा झरनदल्ली





दीपक मित्तल ▶▶ दल्लीराजहरा

खनिजों की नगरी दल्लीराजहरा का नाम झरनदल्ली क्यों पड़ा? इसे लेकर दल्ली राजहरा सहित क्षेत्र के लोगों में उत्सुकता बनी रहती है, कि झरनों की नगरी को झरनदल्ली क्यों कहा गया है। तो बता दें कि इसका प्रमुख कारण यह है कि भीषण गर्मी में भी झरनों की नगरी दल्ली राजहरा में झरनों से झर-झर कर पानी झरता रहता है और आज तक लोग यह नहीं समझ पाए कि यह झर झर का पानी कहां से और कैसे गिरता है? इसलिए खनिज नगरी दल्लीराजहरा का नाम झरनदल्ली पड़ा।

दल्लीराजहरा के पुराना बाजार क्षेत्र वार्ड क्रमांक 12 स्थित झरन मंदिर के पास तीन जल स्त्रोत हैं। कोंडे साइड वार्ड क्रमांक 16 में चार अलग-अलग स्थानों पर जल स्त्रोत हैं। वार्ड क्रमांक 17 में दो जल स्त्रोत व वार्ड क्रमांक एक में तीन जल स्त्रोत हैं। सभी जल स्त्रोत माईन्स पहाड़ी के पास हैं। झरनों की नगरी के नाम से विख्यात दल्ली राजहरा क्षेत्र में अनवरत साफ जल उगल रहे प्राकृतिक झरनों की बहुलता के कारण ही इस नगरी का नाम शासन के पुराने रिकॉर्डों में झरन दल्ली था। परंतु अब इसका प्रचलित नाम दल्ली राजहरा हो चुका है। दल्ली राजहरा तथा आसपास क्षेत्र में लगातार साफ जल उगल रहे अनेकों झरने हैं। प्रकृति के अनुपम उपहार इन झरनों से बारहों माह, चौबीसों घंटे निकलता जल, व्यर्थ बहता रहता है। इसका थोड़ा बहुत उपयोग होता भी है तो सिर्फ ग्रामीणों के नहाने, धोने, निस्तारी के लिए।

**झरने के पानी को सहेजने की जरूरत :** दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि इसे बांध दिया जाए तो एकत्र जल राशि का अच्छा उपयोग किया जा सकता है। साथ ही साथ जलभराव के कारण आसपास क्षेत्र का वाटर लेवल भी ऊपर आ सकता है। इन झरनों की एक बड़ी खास बात है कि गर्मी में ये झरने ठंडा पानी तथा ठंड में गर्म पानी देते हैं। बहुत से लोग इस स्वच्छ जल का उपयोग पीने के लिए भी करते हैं।

बालोद जिला के दल्ली राजहरा में मौजूद प्राकृतिक जल स्त्रोत लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इन जल स्त्रोत को प्रकृति का अनुपम उपहार ही कहा जाये जो कई सालों से यहां मौजूद है, और लोगों के लिये उपयोगी साबित हो हो रहा है। लेकिन, प्रकृति से मिले इस पानी को आज तक सहेज कर रखने या इसका सदुपयोग करने की कोई योजना नहीं बन पाई है। साथ ही इसका कोई खास उपयोग भी नहीं हो पाता। हजारों साल से एक दर्जन से भी अधिक जल स्त्रोत यहां मौजूद हैं, और पूरे साल भर इनसे पानी बहता रहता है। इसके कारण लोग अपने स्तर पर उन स्थानों में गड्ढे खोदकर इसका उपयोग नहाने व अन्य कामों के लिये करते हैं। दल्लीराजहरा मे माइंस पहाड़ी के आसपास लगभग एक दर्जन से अधिक स्थानों पर ऐसे जल स्त्रोत हैं, जहां से बारह महीने साफ जल निकलता है। इसे नगर के लिये प्रकृति का उपहार ही कहा जाये जहाँ इन जल स्त्रोतों से गर्मी में भी पानी हासिल होता है।

### झरनों के अस्तित्व पर मंडराने लगा खतरा

लेकिन, समय के साथ-साथ माइन्स मिट्टी से इन झरनों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। कुछ स्रोत इन परिस्थितियों की वजह से कमजोर होते नजर आ रहा है। लोगों का मानें तो इन जल स्रोत से निकलने वाले पानी को सहेजा जाये तो यह पानी लोगों के लिए और भी उपयोगी साबित हो सकता है। इन जल स्रोतों को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा इसे सहेजने की दिशा में आवश्यक प्रस्ताव बनाकर भेजने की बात कही जा रही है, ताकि प्रकृति से मिले इस जल स्रोत के पानी का बेहतर ढंग से उपयोग किया जा सके। इन झरनों को लेकर खास बात यह है कि इन्हीं की वजह से दल्ली राजहरा को लोग झरनदल्ली के नाम से भी जानते हैं। बहरहाल प्रकृति से मिले इस अनुपम उपहार के लिये आज आवश्यकता है इसे सहेजने की ताकि इसका अस्तित्व आने वाले दिनों में कायम रह सके।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
हड्डी रोग
मस्तिष्क रोग
कार्डियोलॉजिस्ट
डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
प्लास्टिक सर्जरी
यूरोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### मां कौशल्याधाम निर्माण के लिए बैठक लेंगे संत श्री राम बालक दास महात्यागी

**डौंडीलोहारा।** मां कौशल्या मंदिर निर्माण के लिए 45 दिवसीय संपर्क यात्रा के अंतर्गत श्री पाटेश्वरधाम छत्तीसगढ़ के संत श्रीराम बालक दास 27 मई को पांडातराई में पंडरिया एवं बोडला तहसील में बैठक का आयोजन लेंगे। इसी दिन विचारपुर सिल्हाटी में कवर्धा एवं साजा तहसील की बैठक आयोजित की जाएगी। सोमवार को रात्रि 8 बजे डोंगरगढ़ के कल्याणपुर में बैठक लेंगे। इसके पहले संत 26 मई को सुबह 10 बजे चिचोला तहसील खैरागढ़, दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक नर्मदा मंदिर प्रांगण छुईखदान तहसील पहुंचे। संध्या 5:00 बजे देवकर साजा क्षेत्र के शिव मंदिर सहसपुर में क्षेत्रवासियों की बैठक ली। संत श्री राम बालक दास ने बताया कि आने वाले 2026 में मां कौशल्या धाम में माता कौशल्या की मूर्ति प्रतिष्ठित होने वाली है। मंदिर के निर्माण में संपूर्ण सनातनियों, राम भक्तों को जोड़ने के लिए उनकी यह यात्रा पूरे प्रदेश में चल रही है। आने वाली 21 जुलाई गुरु पूर्णिमा को इस मंदिर के दूसरे तल का लोकार्पण कार्यक्रम होगा।

### बीमारी के परेशान रेलकर्मी ने की आत्महत्या



**बालोद।** बीमारी से परेशान रेलवे कर्मचारी ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली है। घटना रविवार सुबह करीब 6:15 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार रेलवे कालौनी निवासी त्रिलोक साहू जो कि रेलवे विभाग में गैंगमैन के पद पर पदस्थ था। वह अपने शारीरिक बीमारी से परेशान था। संभावना जताई जा रही है कि बीमारी से परेशान होकर ही उन्होंने आत्महत्या जैसे कदम उठाया होगा। दरअसल सुबह केंवटी से रायपुर जाने वाली डेमो पैसेंजर ट्रेन जैसे ही बालोद रेलवे स्टेशन पहुंचने वाली थी। ठीक स्टेशन से पहले त्रिलोक साहू ट्रेन के सामने कूद गए। ट्रेन की रफ्तार धीमी होने के कारण त्रिलोक ट्रेन पहिये के नीचे नहीं आए बल्कि ट्रैक के बाहर गिर गए, जिससे उन्हें अंदरूनी चोटें आई। घटना के बाद उन्हें जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद भिलाई रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### ससुराल में दामाद ने फांसी लगा दी जान

**गुण्डरदेही।** रनचिरई थाना अंतर्गत ग्राम खूटेरी (भट) में रविवार को गांव में मेहमानी करने आए दामाद ने फांसी लगाकर जान दे दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 36 वर्षीय कुंजन ध्रुव ग्राम रिवागहन(कुर्रा) जिला धमतरी का निवासी था। शनिवार को अपने ससुराल ग्राम खूंटेरी आया था। युवक रविवार की सुबह 6 बजे घर से निकला। 7 बजे खेतों मे काम करने गए किसानों ने गांव के बीच खार मे इमली के पेड़ पर गमछा को फासी का फंदा बनाकर झूलते हुए देखा। घटना की सूचना ग्राम कोटवार के माध्यम से रनचिरई थाना को दी गई। थाना रनचिरई ने मृतक का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। कुंजन का अंतिम संस्कार ग्राम रिवागहन(कुर्रा) में किया गया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

**मांग : आवागमन में हो रही परेशानी, ग्रामीणों ने की शीघ्र निर्माण की मांग**

# सांकरा-नारागांव-बड़भूम पहुंच मार्ग व पुल जर्जर, दुर्घटनाओं की बढ़ी आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





जिले के ग्राम सांकरा से नारागाँव, बड़भूम पहुँच मार्ग जर्जर हो गया है, जिसके कारण राहगीरों को आवागमन के लिए कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा सड़क निर्माण की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण राहगीरों को जर्जर सड़क से होकर गुजरना पड़ रहा है।

इस सड़क के साथ इस मार्ग पर ग्राम सांकरा नाले पर स्थित पुल और ग्राम कांडे नारागाँव के मध्य स्थित पुल दोनों भी बहुत ही ज्यादा जर्जर हो चुका है। दोनों पुल वर्षों से जर्जर हालत में हैं। इसके बावजूद इसके आवागमन के लिए उपयोग में लाया जा रहा है, जो कभी भी टूट कर बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। क्योंकि दोनों पुल में पहले से ही दरारें पड़ चुकी हैं, जिसे वैकल्पिक आवागमन के लिए मिट्टी से बंद किया गया था, जो पुनः बरसात के दिनों में पानी आने से बह सकता है, जिससे बरसात के दिनों में आवागमन प्रभावित हो सकता है।

बता दें कि इस सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सांकरा, नारागांव से गुरुर तक 32.20 किलोमीटर लम्बी सड़क का निर्माण लगभग 814.61 लाख रूपये की लागत से लगभग 06 वर्ष पुर्व किया गया था, लेकिन अब सड़क की हालात बदत्तर होते जा रही है। बारिश के कारण सांकरा पुल पर गड्ढा बन चुका था, जो बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकता था। इसलिए पुल पर मिट्टी डालकर डामरीकरण कर खानापूर्ति की गई थी। बता दें कि इस पुल पर स्टाप डैम बनाया गया जहाँ बारिश का पानी रुकता है और भारी वाहनों का आवागमन भी रहता है, इस कारण यह जर्जर पुल कभी भी ज्यादा दबाव पड़ने पर पूरी तरह से टूट सकता है। इसलिए समय रहते नवीन पुल बनाने की माँग ग्रामीणों द्वारा की जा रही है।

### सियादेवी मंदिर पहुँच मार्ग जर्जर

ग्राम नारागाँव के ग्रामीण टिकेश्वर साहू ने बताया कि यह मार्ग प्रसिद्ध सियादेवी मंदिर नारागाँव और चारामा जाने के लिए मुख्य मार्ग है, जहाँ रोजाना सैकड़ों श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। वहीं, सांकरा से चारामा जाने लिए भी यह मुख्य मार्ग के रूप में उपयोग किया जाता है, जहाँ से बहुत कम समय में आसानी से चारामा पहुँचा जा सकता है। **वर्षों पुराने पुल जर्जर हालात में :** इस सड़क पर बने दो पुल सांकरा पुल और कांडे नारागाँव के बीच पर बने पुल वर्षो पुराने है जिसका नव निर्माण अब तक नहीं किया गया है जो जर्जर हालात में नजर आ रहा है। जिसका समय पर नव निर्माण नहीं किया गया तो बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है।

# ओबीसी संयोजन समिति की बैठक में कई विषयों पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ओबीसी संयोजन समिति की बैठक ग्राम फुण्डा के शीतला मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग संयोजन समिति के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष टिकेश्वर साहू, बलदु राम साहू, ब्लाक प्रचारक अध्यक्ष ताम्रध्वज साहू, उपाध्यक्ष टोमन लाल साहू एवं अन्य पदाधिकारी युवराज सिंह, मोहन लाल साहू, खुलाश कुमार साहू, पूनम साहू, भागवत सिन्हा, रामनारायण सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने अन्य पिछड़ा वर्ग के संगठन को मजबूत करने एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण हक और अधिकारों के बारे अपने विचार रखे।


टिकेश्वर साहू ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग संगठन के हिसाब से बहुत ही वृहद संगठन है, सरकारों द्वारा वोट बैंक की राजनीति के कारण हमारे अधिकारों का हनन किया जाता है, इसीलिए संगठन को मजबूत कर हमेशा अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए हमें हमेशा तत्पर होकर कार्य करना होगा तब कहीं हमारे संगठन का उद्देश्य पूरा होगा।

बैठक में ग्राम फुण्डा के सेतराम साहू, चमरु राम साहू, लेखु राम साहू, दौलत राम साहू, बुधारुराम, बलदेव राम, जनक राम, जगत राम, भोला राम, रेमन बाई साहू, संतोषी, मोगेश्वरी, त्रिवेणी साहू, बिस्मत बाई, उर्वशी साहू उपस्थित थे।

**शटर तोड़ कर नकदी रकम सहित कागजात की चोरी**

# हार्डवेयर दुकान में एक माह में दूसरी बार चोरों का धावा

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर/गुण्डरदेही



स्थानीय बस स्टैंड के समीप व मुख्य मार्ग से लगे सिन्हा हार्डवेयर दुकान में अज्ञात चोरों ने एक माह के भीतर दूसरी बार दुकान का शटर तोड़ा। जिसमें पहले बार सिर्फ शटर तोड़ कर चोरी करने का प्रयास किया गया। लेकिन कुछ दिन बाद दुकान में दूसरी बार चोरी में चोर सफल हो गए। चोर शटर तोड़ कर नकदी रकम सहित कुछ कागजात चोरी कर चोर फरार हो गए। लेकिन दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में चोर कैद हो गया है।

- सीसीटीवी में कैद हुए चोर, तलाश में जुटी पुलिस

दुकान मालिक पोषण सिन्हा से मिली जानकारी के अनुसार घटना 25 मई शनिवार की रात की बताई जा रही है। रविवार की सुबह 6 बजे दुकान मालिक ग्राहक को सीमेंट देने के लिए दुकान पहुंचे तो देखा कि शटर को किसी वजनदार व मजबूत राड के सहारे से ऊपर उठाकर तोड़ दिया है। दुकान के अंदर जाकर देखा तो गल्ले में रखे लगभग 15 हजार नकद, बैग से तीन ऋण पुस्तिका सहित कुछ कागजात गायब थे। ज्ञात हो कि इसी दुकान पर ठीक इसी तरह पिछले माह 23 अप्रैल को भी अज्ञात चोरों ने शटर तोड़ कर चोरी करने का प्रयास था, लेकिन उस समय चोरों को असफलता हाथ नही लगी थी। लेकिन 25 मई को पुनः चोरों ने ठीक उसी अंदाज में शटर तोड़ कर चोरी को अंजाम देते हुए नकदी हित कागजात चुराने मे सफल हो गए।

दुकान मालिक पोषण सिन्हा पिता लेखराम सिन्हा ने कहा कि पिछले समय चोरी प्रयास की घटना कि जानकारी थाना रनचिराई में दी गई थी। सिर्फ औपचारिकता निभाते हुए रनचिराई पुलिस घटना स्थल पहुंच कर छानबीन की व सीसीटीवी फुटेज चेक किया और चले गए। लेकिन चोर अब तक नहीं पकड़े गए और पुनः एक माह के भीतर चोरों ने उसकी दुकान में चोरी को अंजाम दिया। पुलिस की नाकामयाबी और ठोस कार्रवाई नहीं होने से क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ रही है और चोरों के हौसले बुलंद हैं।

### पेड़ से टकराई कार, नाबालिग की मौत



**दल्लीराजहरा।** नगर के समीप कोकान घोटिया मुख्य मार्ग पर देर रात एक कार पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में अपने भाई को लेने जा रहे एक भाई की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गई। इस हादसे में एक नाबालिग की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। मामला दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को दल्लीराजहरा समीप चिखलाकसा घोठिया मार्ग के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गई। इस हादसे में 17 वर्षीय योगेश कुमार पिता गेंदलाल खुरस्याम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि, वह अपने भाई को लेने के लिए रेलवे स्टेशन जा रहा था, फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# सरकारी राशन दुकान से हजारों की शक्कर और चावल की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में चोरी थमने का नाम नहीं ले रही है। चोरों ने सूने मकान, सोने चांदी सहित अब पीडीएस दुकानों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। उपभोक्ताओं को मिलने वाले राशन की चोरी कर रहे हैं।

- सूने मकानों के बाद अब पीडीएस दुकान को बनाया

राजहरा थाना क्षेत्र के ग्राम बिटाल से ताजा मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत बिटाल में सचिव के पद पर कार्यरत सदाराम भंडारी ने बताया कि गांव में स्थित सहकारी उचित मूल्य की दुकान संचालित है। दुकान में 23 मई को शक्कर, चावल तथा नमक व मिट्टीतेल खाद्य सामान आया हुआ था। जिसमें सहकारी उचित मूल्य दुकान का सेल्समेन सोनू राम पुरामे द्वारा दो दिन तक खाद्य सामग्री का वितरण किया। वहीं 25 मई शनिवार को शाम करीबन 6 के बाद दुकान में ताला लगा कर चला गया था।

इस दौरान रविवार को सेल्समेन सोनू राम द्वारा सुबह करीबन 9.30 बजे दुकान आया तो देखा कि दुकान के सामने का दरवाजा में लगा ताला टुआ हुआ है। घटना के बाद पीडीएस दुकान में जाकर देखे तो दुकान में रखा 5 बोरी शक्कर एवं 10 बोरी चावल को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। मामले में राजहरा पुलिस ने धारा 380, 457 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### वारदातों में लगातार हो रही वृद्धि

जिले के गिने चुने थाना क्षेत्र को छोड़ दें तो लगभग अधिकांश क्षेत्रों में चोरी के मामले लगातार बढ़ रहे है। हालांकि पुलिस द्वारा इन मामलों में रिपोर्ट दर्ज की जा रही है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सुस्त नजर आ रहे हैं। चोरी के दर्जनों मामले ठंडे बस्ते में है। हालांकि पुलिस प्रशासन दावा कर रहा है कि संदेहियों से लगातार पूछताछ जारी है, लेकिन चोरों की शिनाख्ती नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण चोर पुलिस के गिरफ्त से बाहर हैं और यही वजह है कि चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ते क्रम पर है।

# अधिवक्ता संघ अध्यक्ष को मिला मोबाइल, उसके मालिक को सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्राम मोहलाई (चौरेल) निवासी गोपेश्वर कुमार यादव उम्र 20 वर्ष का मोबाइल अर्जुन्दा वापस अपने घर जाते समय ग्राम परना और डुंडेरा के बीच में उनका मोबाइल गुम हो गया था जो अधिवक्ता संघ अध्यक्ष विनय बंजारे को मिला। अधिवक्ता ने उसे उसके धारक को सौंप दिया। गोपेश्वर ने मोबाइल गुम की सूचना संबंधित थाना अर्जुन्दा में दी। बाद में पता चला कि वह मोबाइल नवनियुक्त अध्यक्ष अधिवक्ता संघ गुण्डरदेही विनय बंजारे को मिला है। अधिवक्ता द्वारा उक्त मोबाइल के बारे में पता किया गया, तो वह मोबाइल ग्राम मोहलाई निवासी गोपेश्वर यादव का होना पाया गया। उसके बाद अधिवक्ता विनय बंजारे ने गुण्डरदेही सिविल कोर्ट में मोबाइल फोन को उनके हाथों सौंपा। जहां गोपेश्वर यादव ने अधिवक्ता विनय बंजारे को धन्यवाद देकर एक पेन भेंट किया।

# गोवंश अभयारण्य योजना एक क्रांतिकारी कदम

**मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा का पार्टी पदाधिकारियों ने किया स्वागत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के मुखिया विष्णु देव साय ने सड़कों पर विचरण करने वाले स्वामी विहीन गोवंशों के लिए गौवंश अभयारण्य योजना लाए जाने की घोषणा की है।

इसे लेकर बालोद जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया है। श्री साहू ने कहा कि प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा सड़कों पर खुले में घूमने वाले स्वामी विहीन गौवंश की सुरक्षा और दुर्घटना पर अंकुश लगाने के लिए गोवंश अभयारण्य योजना लाना, क्रांतिकारी कदम है। इसके लिए मुख्यमंत्री ने राज्य में पशुधन विकास विभाग, पंचायत, राजस्व एवं वन विभाग के समन्वय से संचालित करने संयुक्त रूप से कार्य योजना बनाने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर घूम रहे स्वामी विहीन पशुधन यातायात के लिए बाधा बनते है, इसके कारण आए दिन दुर्घटना होती है, जिससे बड़ी संख्या में जान माल की क्षति होती है। साथ ही भूख से बेहाल पशु धन द्वारा कूड़ा-कचरा और प्लास्टिक पॉलीथिन खाने से गोवंश के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है, गोवंश अभयारण्य योजना, इसको रोकने की दिशा में सकारात्मक कार्य होगा।

इसी तरह जिला भाजपा महामंत्री राकेश छोटू यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में गोवंश के लिए यह योजना वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा चलाई गई रोका-छेका योजना असफल रही, वहीं गौठान योजना भ्रष्टाचार का केंद्र बिंदु रहा। किंतु, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार ठोस कार्य योजना के माध्यम से प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार मुक्त, सेवा, सुरक्षा और संवर्धन का ध्येय वाक्य लेकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गोवंश अभयारण्य योजना के शुरू होने के बाद सड़कों पर भूखे प्यासे भटकने वाले गोवंश को न केवल नियमित आहार मिलेगा, बल्कि उनकी उचित देखभाल और चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध होगी। इससे सड़क दुर्घटना में भी कमी आएगी तथा निरपराध गोवंश तथा लोगों को जान-माल के नुकसान से भी बचाया जा सकेगा।

# कांग्रेस ने दी झीरम के शहीदों को श्रद्धांजलि



**गुण्डरदेही।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही के अध्यक्ष भोजराज साहू के नेतृत्व में 25 मई 2013 को झीरम घाटी के नक्सली हमले में शहीद हुए कांग्रेस नेता नंदकुमार पटेल महेंद्र कर्मा उदय मुदलियार एवं शहीद हुए अन्य नेताओं के पुण्यतिथि को शहीदों के व्यक्तित्व-कृतित्त्व एवं प्रदेश के सर्वांगीण विकास हेतु दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला।

जहां ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही द्वारा अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शहादत दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संजय साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष केके राजू चंद्राकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण सोनकर विधायक प्रतिनिधि तरुण पारकर, ब्लाक कांग्रेस उपाध्यक्ष युगांत चंद्राकर, महामंत्री मोंटू चंद्राकर, रिजवान तिगाला, सेक्टर प्रभारी निजानंद चंद्राकर, पवन सिन्हा, लिखन निषाद, बलराम गुप्ता, डिहार देशमुख, किशन पांड़े, बिशेश्वर महिपाल, गोपी ठाकुर, सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# साहू समाज ने किया बुजुर्ग दंपति का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



वयोवृद्ध दंपति लालाराम साहू व उनके धर्मपत्नी देवकी बाई साहू ग्राम परसदा (डगनिया) का सम्मान तहसील साहू संघ के संरक्षक केशव राम साहू, अध्यक्ष मानसिंह सारवा, परिक्षेत्रिय अध्यक्ष मोतीलाल साहू, ग्रामीण अध्यक्ष बलदाऊ राम साहू, समाजसेवी हेमंत हिरवानी, अंचल के ख्याति प्राप्त रामायणी बलराम साहू ने ग्राम परसदा में किया।

ज्ञात हो कि साहू समाज गुण्डरदेही द्वारा समाज में व्याप्त कुरीति, नशाखोरी, अशिक्षा के खिलाफ जागरूकता फैलाने की दृष्टि से सघन संपर्क अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न पदाधिकारी ग्राम इकाई तक समाज के परिवारों में पहुंचकर संवाद स्थापित कर रहे हैं। इसी क्रम में 80 वर्षीय उक्त दंपति को समाज को संगठित करने की प्रेरणा प्रदान करने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम के देव कुमार साहू, बलदाऊ राम साहू, लोकेश कुमार, भीष्म सिंह, गोपाल राम, भोला राम, राकेश कुमार, कुलदीप साहू, यशवंत साहू, किशोर साहू, सुंदरलाल साहू, मोहनलाल साहू, गजाधर सिंह, कुलेश्वर साहू, देवदत्त साहू, मानक लाल, अश्वनी साहू, भूखऊ राम, रामचरण, नेतराम, रमेश साहू, कुंजलाल, अलखाराम, सत्यवती साहू, भावना साहू, लता साहू, इंद्राणी, हेमलता उपस्थित थे।

